भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 459**
**21.07.2026 को उत्तर के लिए नियत**

**बिहार में औद्योगिक विकास**

459. **श्री गोपाल जी ठाकुरः**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) मंत्रालय द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान बिहार के दरभंगा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र और मिथिलांचल क्षेत्र में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए की गई पहलों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार दरभंगा क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना या विनिर्माण गतिविधियों के विस्तार के लिए किसी विशेष योजना का प्रस्ताव कर रही है;
(ग) आत्मनिर्भर भारत और 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत बिहार में स्वीकृत औद्योगिक परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा इसमें दरभंगा क्षेत्र की भागीदारी की सीमा क्या है; और
(घ) क्या सरकार युवाओं के लिए रोजगार सृजन को ध्यान में रखते हुए दरभंगा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में किसी औद्योगिक क्लस्टर या विनिर्माण इकाई की स्थापना करने पर विचार कर रही है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क): चूंकि भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार उद्योग राज्य का विषय है, इसलिए भारी उद्योग मंत्रालय देश के किसी भी हिस्से में भारी उद्योगों की स्थापना से संबंधित कोई भी केंद्रीकृत डेटा नहीं रखता है, जिसमें बिहार का दरभंगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और मिथिलांचल क्षेत्र भी शामिल हैं।

(ख से घ): प्रश्न ही नहीं उठता।

*****